पुरस्कार में दोनों विजेताओं को ढाई-ढाई लाख रुपये के साथ उनके वजन के बराबर चीनी दी गई

# अरविंद और नीलम कदम ने जीती इंडियन ओपन मैराथन

नई दिल्ली | वार्ता

उत्तर प्रदेश के अरविंद कुमार यादव और महाराष्ट्र की नीलम मारुति कदम ने अपनी श्रेष्ठता साबित करते हुए मवाना शुगर इंडियन ओपन मैराथन में आज क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग के खिताब जीत लिए।

उत्तर प्रदेश के अंबेडकर नगर जिले के आसोपुर टांडा गांव के अरविंद ने 42.165 किलोमीटर की पूर्ण मैराथन दो घंटे 21 मिनट 44 सेकंड में जीती जबकि महाराष्ट्र की नीलम ने तीन घंटे एक मिनट और दो सेकंड के साथ यह खिताब अपने नाम किया। यह मैराथन सुबह ऐतिहासिक इंडिया गेट से शुरू हुई और यहीं पर

## शानदार जीत

- ऐतिहासिक इंडिया गेट से हुआ 42.165 किलोमीटर की मैराथन दौड़ का आगाज
- अनिल ने दो घंटे 21 मिनट 44 सेकंड, नीलम ने तीन घंटे एक मिनट दो सेकंड में दौड़ पूरी की

समाप्त हुई। अरविंद और नीलम को एकसमान ढाई-ढाई लाख रुपए की पुरस्कार राशि मिली। दोनों विजेताओं को इस पुरस्कार राशि के साथ साथ उनके शरीर के वजन के बराबर चीनी भी भेंट की गई। अरविंद को 50.65 किलोग्राम और नीलम को 47.5 किलोग्राम चीनी मिली। पूर्ण मैराथन



मवाना ओपन मैराथन के विजेता नीलम और अरविंद (बीच में) नई दिल्ली में। ● एजेंसी

के साथ हुई 21 किलोमीटर की हाफ मैराथन में पुरुषों में विश्राम मीणा ने और महिलाओं में किरण तिवारी ने खिताब अपने नाम किए। दोनों विजेताओं को एक समान 70-70 हजार रुपए की पुरस्कार राशि मिली।

सुबह हल्की बूंदाबांदी के कारण मौसम कुछ सर्द हो गया था। पुरुष वर्ग में मुकाबला नजदीक रहा। अरविंद ने जहां दो घंटे 21 मिनट 44 सेकंड का समय निकाला वहीं दूसरे स्थान पर रहे बुद्ध राम ने दो घंटे 22 मिनट 23 सेकंड का समय लिया। तीसरे स्थान पर रहे सत्य प्रकाश का समय दो घंटे 28 मिनट 25 सेकंड था।

बुद्ध राम को एक लाख रुपए और सत्यप्रकाश को 50000 रुपए की पुरस्कार राशि मिली। महिलाओं में नीलम के सामने कोई चुनौती नहीं थी। नीलम ने तीन घंटे एक मिनट दो सेकंड का समय निकाला। एन सुधा को तीन घंटे चार मिनट 24 सेकंड के साथ दूसरा स्थान और अनीसा देवी को तीन घंटे 18 मिनट 56 सेकंड के साथ तीसरा स्थान मिला।